# विवेकानन्द लोक विकास संस्थान

ग्राम– अमरौली शुमाली, पोस्ट– तेलियाडीह, जिला– बस्ती, उ0प्र0

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

## वर्ष– 2015–16

विवेकानन्द लोक विकास संस्थान द्वारा वर्ष 2015– 16 में उपभोक्ता जागरूकता, आपदा प्रबंधन, शिक्षा जागरूकता, स्वास्थ्य, बालश्रम जागरूता, राष्ट्रीय र्प्यावरण जागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

**शिक्षा सशक्तिकरण (बाल गुरूकुल) का संचालनः–** गरीब व निर्धन अभिभावको के बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिएं इंडियन डेवलपमेंट फाउंडेशन मुम्बई के सहयोग से विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के बाल संस्कार केन्द्र चिरैयाडाड़ पर बालगुरूकुल का संचालन दिसम्बर 2014 से किया जा रहा है। इंडियन डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से बाल गुरूकुल का संचालन लागातार दूसरे वर्ष किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को अंग्रेजी, गणित, हिन्दी, सामान्य ज्ञान, विज्ञान सहित अन्य विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है।

**शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमः–** बच्चो को शत– प्रतिशत स्कूलो मे नामांकन के लिए घर– घर सम्पर्क किया गया व बच्चो के साथ स्कूल चलो रैली निकाली गई। जून व जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में रैली के उपरान्त शिक्षा गोष्ठी का आयोजन अभिभावको के साथ किया गया।

**(क) मद्य निषेद्यः–** आम जन के स्वास्थ्य स्वच्छता के लिएं संस्था द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें मद्य निषेद्य के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। जिसमें बीड़ी, सिंगरेट, तम्बाकू, गुटखा, शराब आदि के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

**(ख) स्वच्छताः–** ग्राम पंचायतो में गठित स्वास्थ्य समितियों को सकिय कर ग्राम स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के मद में आए सरकारी धन के प्रयोग की जानकारी दी गई व 5 गांवो में कार्ययोजना तैयार कराई गई। दूषित जल के प्रयोग से होने वाली बीमारियो की जानकारी दी गई व पानी को साफ करके पीने की जानकारी दी गई।

**(ग) बाल विकास सेवाएंः–** बच्चों एवं किशोरियो के विकास हेतु महिला मंडल का गठन कर बाल विकास विभाग की ओर से दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी गई। बाल विकास विभाग की ओर से उन्हें नियमित पूरक पोषाहार, वनज, विटामिन की खुराक, टीकाकरण आदि की जानकारी दी गई।

**(घ) एड्स जागरूकता कार्यकमः–** एड्स के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिएं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया व विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को एड्स के खतरो के प्रति जागयक किया गया। 

**किसान क्लब एवं स्वयं सहायता समूह निर्माण व प्रशिक्षण**

संस्थान द्वारा विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत अमरौली शुमाली व अजगैवा जंगल, मधुबन, बस्थनवा, औड़जंगल, पिटाउट, सेखुइया में स्वयं सहायता समूह व किसान क्लब का गठन करके उनका बचत खाता बैंक में खोलवाया गया। स्वयं सहायता समूह व किसान क्लब के सदस्यों को दो दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन कर उन्हें आर्थक बचत, कुटीर उद्योग, तकनीकी खेती, सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गई।

**उपभोक्ता जागरूकता कार्यकमः–** उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक करने के लिएं संस्थान की ओर से जनपद के पांच विकास खण्ड में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। सल्टौआ गोपालपुर में 08 मई 2015, रूधौली में 30 जून 2015 साऊंघाट में 11 सितम्बर 2015 को उपभोक्ता

सचिव
विवेकानन्द लोक विकास संस्थान - बस्ती

जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठियो मे लोगो को उपभोक्ता अधिकारो से सम्बन्धित जानकारियो के अलावा हैण्ड बिल भी वितरित किया गई।

**कृषि विकास कार्यक्रमः–** किसानो को कम क्षेत्रफल में अधिक उपज प्राप्त करने हेतु तकनीकी ढंग से सब्जी की खेती करने के लिएं प्रेरित किया गया। विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत अजगैवाजंगल में लौकी, बैगन, आलू, मक्का व फूलो की खेती करने के लिएं किसानो को प्रेरित किया गया और उन्हें कृषि विशेषज्ञों के द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। रायायनिक उर्वरको के संतुलित प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मृदापरीक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें किसानो के खेत से मिट्टी के नमूने लेने, मृदापरीक्षण प्रयोगशाला मे परीक्षण कराने, अच्छी खादो की पहचान, संतुलित उर्बरको का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

**मनरेगा जागरूकता कार्यक्रमः–** मनरेगा जाबकार्ड धारकों को वर्ष में 100 दिन काम के लिएं मनरेगा जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया। विकास खण्ड साऊंघाट, सल्टौआ गोपालपुर, बस्ती सदर में जागरूकता कार्यक्रम के तहत मनरेगा मजदूरो को संवेदित किया गया और श्रम विभाग में मजदूरो का पंजीकरण कराया गया।

**राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम :–** राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिएं 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर संस्था कार्यालय अमरौली शुमाली में युवा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों व समाज के जागरूक लोगो ने युवाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास व देश की प्रगति में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा किया। गोष्ठी में युवाओं की समाज के विकास में भागीदारी विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बालश्रम जागरूकता कार्यक्रमः–** अत्यंत निर्बल व सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर बर्ग के लोगो के घर– घर जाकर बालश्रम को रोकने के लिए सर्वेक्षण किया गया। बाल मजदूरी का बच्चो पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी गई व 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिएं प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे नामांकन कराया गया।

**बाल अधिकार कार्यक्रमः–** बाल दिवस 14 नवम्बर देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन के शुभ अवसर पर विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय बस्थनवा में बाल दिवस का आयोजन कर अभिभावको व बच्चो को बाल अधिकार के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चो को शिक्षा, खेल, संस्कृति, अनुशासन आदि के सम्बन्ध में बताया गया।

**मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्यक्रमः–** महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिएं संस्था द्वारा मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन जयसिंह पुर विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम अमरौली शुमाली, बस्थनवा, सल्टौआ, औड़जंगल, सूरतगढ़, गोरखर, गौहनिया, धवरपारा, चौकवा, सिंकदरपुर सहित अन्य गांवों में महिला मंडल का गठन कर टीकाकरण व बाल सुरक्षा, परिवार नियोजन, महिलाओ, किशोरियों एवं बच्चो का टीकाकरण, स्वास्थ्य की देखभाल, बच्चो का नियमित वजन लेने व समुचित पोषाहार, पेयजल, स्वचछता आदि की जानकारी दी गई।

**पशु कल्याण कार्यक्रमः–** पालतू पशुओं व जंगली जीव– जंतुओं, पक्षियों आदि के कल्याण व संरक्षण हेतु संस्था द्वारा पशु कल्याण कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड मुख्यालय पर गोष्ठी का आयोजन कर जंगली जानवरो का शिकार करने पर उनके विरूद्ध विभिन्न धाराओ जानकारी दी गई। गाय, भैंस से इजेंक्शन के माध्यम से दूध उतारने की प्रकिया को खतरनाक बताया गया। गाय व भैंस को इंजेक्शन लगाकर निकाले गए दूध के सेवन से मनुष्य व पशुओं को होने वाले नुकसान की जानकारी

सचिव
विवेकानन्द लोक विकास संस्थान - बस्ती

दी गई। पशु चिकित्सा कैम्प लगाकर चिक्त्सिकों के सहयोग से बृद्ध, रोगी व घायल पशुओं का इलाज कराया गया।

**बृद्ध कल्याण कार्यक्रमः–** बृद्धजनो की सेवा मानव की सच्ची सेवा है, इस भावना को आम जन तक पहुंचाने व उनकी स्वास्थ्य, मनोरंजन आदि आवश्यकताओ की पूर्ति के लिएं गोष्ठी का आयोजन किया गया। आमजन को बृद्धो की सेवा करने व असहाय स्थिति में उनकी सहायता करने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया।

**हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रमः–** स्वरोजगार को बढ़ावा देने व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हस्तशिल्प प्रशिक्षण का आयोजन विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पिटाउट में किया गया। जिसमें 25 बालिकाओं व 15 युवको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**पेयजल स्वच्छता कार्यक्रमः–** स्वच्छ पेयजल के प्रति लोगो को संवेदित करने के उद्देश्य से पेयजल स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अशुद्ध जल के सेवन से लोगो को होने वाली बीमारियों आदि का विस्तार से जानकारी दी गई।

**महिला जागरूकता कार्यक्रमः–** महिला अधिकारो की संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओ का परिवार व अपने संतान के प्रति उत्तर दायित्व व जिम्मेदारियो की जानकारी महिला अधिकार गोष्ठी का आयोजन के द्वारा दी गई। बताया गया कि घर पर कुटीर उद्योग, जैसे मोमबत्ती, अचार, जैम जैली, सिलाई– कढ़ाई आदि उद्यम स्थापित कर अपना आयबर्धन कर सकती हैं। महिलाओं की सुरक्षा हेतु उन्हें विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर 1090, 100, व आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में 108 नम्बर डायल कर सरकारी सुविधाओ की जानकारी दी गई।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय का संचालनः–** ग्रामीण क्षेत्र में साहित्य व पुस्तको को एक दूसरे को प्रेरित करने के लिए पुस्तकालय व वाचनालय संचालन किया जा रहा है। जिसमे हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू आदि पुस्तको को पढ़ने व नई पीढ़ी को साहित्य, कला आदि की जानकारी के लिए निःशुल्क पुस्तकालय व वाचनालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 20 से 25 लोग नित्य अध्यन करने आते हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमः–** कला एवं संस्कृति के विकास के लिएं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कवि सम्मेलन, मुशायरा, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लुप्त हो रहे आल्हा गायन, बिरहा, नौटंकी आदि को जीवंत करने के लिएं लोगो को जानकारी दी गई।

**राष्ट्रीय पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजनः–** पर्यावरण को हरा भरा रखने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा 29 जुलाई 2015 को विवेकानन्द बाल गुरूकुल स्थान अमरौली शुमाली (चिरैयाडाड़) पर पर्यावरण गोष्ठी एवं बृक्षारोपड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण के कारण व निवारण पर चर्चा की गई और अधिक से अधिक पेड़ लगवाए जाने व बृक्षो की अंधा धुंध

कटान पर रोक लगावाए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल संस्कार केन्द्र, व प्राथमिक विद्यालय अमरौली शुमाली परिसर में पौधरोपण किया गया।

**बृक्षारोपणः–** पर्यावरण को हरा– भरा रखने व वातारण को स्वच्छ बनाए रखने के लिएं विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर बृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम, कटहल, चितवन, सागौन के पौधे का वितरण किया गया।

सचिव
विवेकानन्द लोक विकास संस्थान - बस्ती

**आपदा प्रबंधन कार्यक्रमः–** सूखा, बाढ़, तूफान, भूकम्प, अतिबृष्टि आदि से बचाव हेतु आपदा प्रबन्धन कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें गोष्ठी का आयोजन कर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत एवं बचाव दल, सूचना दल आदि का गठन किया गया। भूकम्प के संभावित खतरे से बचाव के लिएं सरदार पटेल बाबूराम वर्मा उ0मा0 विद्यालय अमरौली शुमाली व आदर्श इण्टर कालेज सल्टौआ गोपालपुर, उ0मा0 विद्यालय भिरिया त्रैतुराज, प्राथमिक विद्यालय बस्थनवा, चौरा, धवरपारा में बच्चो को भूकम्प आने के पूर्व व बाद में बरती जाने वाली सावधानियो की जानकारी दी गई। आग, सूखा, तूफान से बचाव के उपाय बताए गए।

## विकलांग कल्याण कार्यक्रमः–

विकलांगो को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिएं विकलांगो का सर्वेक्षण कर उन्हे सरकार की ओर से दी जाने वाली सेवाओ की जानकारी दी गई। विकलांगो का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी दी गई और उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण ट्राईसायकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, छड़ी व कान की मशीन विकलांग कल्याण विभाग की ओर से दिलवाया गया और विकलांग पेंशन के पात्र लाभार्थियों को पेंशन का फार्म भरवाया गया।

मेंटल रिटार्डेशन (एम0आर0), सेरीब्रल पैल्सी (सी0पी0), आस्टिज्म, ए0डी0एच0डी0, डिस्कैलकुलिया व मल्टिपल डिसएबिलिटी तथा पढ़ने लिखने व बोलने सम्बंधित समस्याओं वाले बच्चों का सर्वे किया गया। विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय बस्थनवा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सल्टौआ, मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान देईपार, टीपी मेमोरियल एकेडमी पचमोहनी में एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर बिकलांगता से ग्रसित बच्चों व उनके अभिभावको को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नेशनल ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षणः–

पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायतीराज अधिकारो की जानकारी देने के लिएं व पंचायतो के विकास के लिएं पंचायत प्रतिनिधियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत की 6 समितियों व उनके अध्यक्ष व सदस्यो के कार्य तथा उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई।,

## मल्टी सेक्टोरल डेवलवमेंट प्लान के तहत अल्पसंख्यको का सर्वेक्षण

जनपद बस्ती के विकास खण्ड रामनगर में अण्ड रामनगर में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से 30 राजस्व ग्रामों का इंदिरा आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि का सर्वे किया गया।

## कम्बल बितरण कार्यक्रमः–

विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के अमरौलीशुमाली, चिरैयाडाड़, रामनगर, सेखुई, पिटाउट, मधुबन, बरहपुर, गिधनी गांव में निराश्रित व गरीब परिवारों का सर्वे कर बृद्ध जनो को ठंड से बचाव से बचाव के लिएं इंडियन डेवलपमेंट फाउण्डेशन के सहयोग से विवेकानन्द बाल गुरूकुल अमरौली शुमाली (चिरैयाडाड़) पर 16 बृद्ध महिला व पुरूषों में कम्बल का वितरण किया गया।

राधेश्याम चौधरी,
सचिव
विवेकानन्द लोक विकास संस्थान - बस्ती